# न्यूज़ बुलेटिन

स्थापना वर्ष : 1949

वर्ष : 1 | अंक : 2 | 15 नवम्बर–15 जनवरी 2019

राज0 रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर (उ0प्र0)



## प्राचार्य संदेश

अनेकता में एकता का निदर्शन करने वाली भारतीय संस्कृति का प्रतिनिधित्व करता राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर गंगा–जमुनी तहजीब की पोषक रामपुर की सर जमीन पर विगत 70 वर्षों से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। महाविद्यालय का लक्ष्य न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है अपितु नित नवीन आयोजनों के माध्यम से छात्रों में मनोबल, इच्छा शक्ति, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता विकसित कर एक ऐसी युवा शक्ति समाज को उपलब्ध कराना है जो जीवन की प्रत्येक चुनौती का सामना सहजता और सरलता से करने में सक्षम हो।

महाविद्यालय के सकारात्मक प्रयासों के आलोक प्रतीक इस न्यूज बुलेटिन के द्वितीय अंक के प्रकाशन हेतु समस्त महाविद्यालय परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएँ।

**प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव**
**प्राचार्य**

**''महाविद्यालय के लिए गौरव का पल''**

## तीसरी बार NAAC द्वारा मूल्यांकन कराने वाला प्रदेश का प्रथम राजकीय महाविद्यालय




राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 की सिफारिशों के आधार पर उच्च शिक्षण संस्थाओं में शिक्षा की गुणवत्ता के मूल्यांकन हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (U.G.C.) द्वारा सन् 1994 में एक स्वतंत्र निकाय के रूप में NAAC (National Assessment and Accreditation Council) की स्थापना की गयी। 'नैक' द्वारा मूल्यांकित होना किसी भी शिक्षण संस्था के लिए गौरव की बात है। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रदेश का प्रथम राजकीय महाविद्यालय के ऐतिहासिक गौरव के साथ साथ राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर को 'नैक' द्वारा लगातार तीन बार मूल्यांकन कराने वाले प्रथम राजकीय महाविद्यालय होने का गौरव भी प्राप्त हुआ है।


दिनांक 2 फरवरी 2005 को महाविद्यालय ने प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में 'नैक' द्वारा सर्वप्रथम मूल्यांकन कराया एवं $B^{+}$ ग्रेड प्राप्त किया। पुनः 5 जनवरी 2013 को प्रदेश में दूसरी बार 'नैक' मूल्यांकन कराने वाला प्रथम राजकीय महाविद्यालय बना जिसमें 'B' ग्रेड की प्राप्ति हुई। इसी क्रम में महाविद्यालय ने तीसरी बार 'नैक' के बदले हुए स्वरूप में मूल्यांकन कराकर प्रदेश का प्रथम राजकीय महाविद्यालय होने का गौरव हासिल किया।

दिनांक 19–20 नवम्बर 2018 को तीन सदस्यीय नैक पीयर टीम (डॉ0 चन्द्र कान्त शुक्ला, पूर्व वी0सी0–के0एस0 डी0 संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा, प्रो0 विजय कुमार श्रोत्रिया, एसो0 प्रोफेसर–वाणिज्य विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली तथा डॉ0 डोनाटस खुजुर, प्राचार्य–सेंट जोज़ेफ कॉलिज, दार्जिलिंग) ने महाविद्यालय का दौरा किया। नैक पीयर टीम के महाविद्यालय परिसर में आगमन पर प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0पी0 यादव जी के द्वारा समस्त महाविद्यालय परिवार के साथ पीयर टीम का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् महाविद्यालय की आई.क्यू.ए.सी. समिति की संयोजिका डा0 सीमा तेवतिया द्वारा टीम को महाविद्यालय की प्रत्येक गतिविधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।




पीयर टीम द्वारा महाविद्यालय के पुस्तकालय, वाचनालय, कम्प्यूटर लैब, कार्यालय एवं विभिन्न विभागों का दौरा किया गया। साथ ही छात्रों, अभिभावकों तथा पुरातन छात्रों के साथ विभिन्न विषयों पर वार्ता की गयी। दो दिवसीय दौरे के अंतिम दिन Exit Meeting के रूप में वह पल आया जिसका समस्त महाविद्यालय परिवार को इंतेजार था जब पीयर टीम द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0पी0 यादव जी को 'नैक' पीयर टीम रिपोर्ट प्रदान की गयी। तत्पश्चात् महाविद्यालय परिवार सहित प्राचार्य जी द्वारा सम्मानित अतिथियों की भावभीनी विदाई के साथ 'नैक' टीम का बहुप्रतीक्षित दौरा पूर्ण हुआ। आई.क्यू.ए.सी. समिति की संयोजिका डॉ0 सीमा तेवतिया एवं समस्त सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

## सम्पादक की कलम से



अत्यन्त हर्ष का विषय है कि महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 आर0पी0 यादव जी की अभिनव सोच एवं उनके द्वारा प्रशस्त मार्ग का अनुकरण करते हुए राज0 रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बुलेटिन का दूसरा अंक लेकर आप सभी के समक्ष उपस्थित है।

किसी भी संस्था के लिए उसका न्यूज बुलेटिन एक दर्पण के समान होता है जिसमें वह स्वयं की छवि देखकर अपनी उपलब्धियों एवं खामियों का अवलोकन कर भविष्य की रूपरेखा तैयार करता है। निःसन्देह महाविद्यालय दिन–प्रतिदिन नई–नई ऊँचाईयों को छूने के अपने लक्ष्य के प्रति कटिबद्ध है। महाविद्यालय न केवल शिक्षण के क्षेत्र में बल्कि शिक्षणेत्तर गतिविधियों में भी महती भूमिका का निर्वहन करते हुए एक प्रगतिशील संस्था के रूप में प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में अग्रणी बना हुआ है।

इसी के एक झलक के रूप में नवम्बर, दिसम्बर एवं जनवरी माह की गतिविधियों को समेटे हुए यह बुलेटिन आपके हाथों में सौंपतें हुए अत्यंत हर्ष से अभिभूत हूँ, साथ ही त्रुटियों के लिए क्षमाप्रार्थी भी।

महाविद्यालय के सभी साथियों का सहयोग के लिए अत्यंत आभार।

**डा0 दीपा अग्रवाल**
प्रधान सम्पादक
सम्पर्क नं० 9411037010
ईमेल–drdeepaagarwa17@gmail.com

## नारी सशक्तिकरण संकल्प अभियान का आयोजन



''यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमन्ते तत्र देवता'' अर्थात जहाँ महिलाओं की पूजा होती है, वहाँ देवता वास करते हैं। उक्त परिपाटी का अनुपालन करने वाले भारतवर्ष का अतीत महिलाओं की गौरवशाली गाथाओं से भरा हुआ है। वैदिक काल में महिलाओं को पुरूषों के समान ही अधिकार प्राप्त थे परन्तु शनैः–शनैः बदलते कालक्रम के साथ नारियों की दशा इस तरह से बदली कि वे अपने जीवन के मूल अधिकारों से भी वंचित होती चली गयीं।

वर्तमान में विकास के पथ पर अग्रसर कोई भी राष्ट्र समाज की आधी आबादी अर्थात् महिलाओं को सशक्त किए बिना विकसित राष्ट्र होने की कल्पना भी नहीं कर सकता है। यही कारण है कि नारी सशक्तिकरण आज प्रत्येक राष्ट्र की प्राथमिकता है। इसी कड़ी में उ0प्र0 सरकार द्वारा ''नारी सशक्तिकरण संकल्प अभियान'' की घोषणा की गई जिसका शुभारम्भ दिनाँक 20.11.2018 को हुआ।

दिनाँक 5.12.2018 को महाविद्यालय में नारी सशक्तिकरण संकल्प अभियान के अन्तर्गत एक रैली का आयोजन किया गया, जिसे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0पी0 यादव जी के द्वारा झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। छात्रों की यह रैली 'बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान' के तहत हाथों में बैनर लेकर शहर के अलग–अलग हिस्सों से निकलते हुए वापस महाविद्यालय में लौट आई। रैली का निर्देशन महाविद्यालय की आन्तरिक परिवाद समिति एवं महिला प्रकोष्ठ समिति की संयोजिका डॉ0 दीपा अग्रवाल व डॉ0 जागृति मदान द्वारा किया गया। महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों के सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित कराया गया।

दिनांक 10.12.2018 को नारी सशक्तिकरण संकल्प अभियान के तहत महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ समिति प्रभारी डॉ0 जागृति मदान एवं डॉ0 दीपा अग्रवाल के निर्देशन में शहर की पिछड़ी हुई बस्ती मौ0 घेर मरदान खाँ में महिला जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संचालक डॉ0 सै0 अब्दुल वाहिद शाह एवं अन्य वक्ताओं, डॉ0 ज़ुबैर अनीस, डॉ0 अजय विक्रम सिंह एवं थाना गंज प्रभारी श्री दिनेश कुमार यादव द्वारा बस्ती की महिलाओं को आर्थिक, कानूनी एवं सुरक्षा संबंधी जानकारियाँ दी गयीं। अन्त में डॉ0 विनीता सिंह द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।



दिनांक 19.12.2018 को महाविद्यालय प्रांगण में छात्राओं को आत्मरक्षा में सक्षम बनाने के उद्देश्य से एक 'जूडो–कराटे शिविर' आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय के सीनियर एनसीसी कैडेट्स द्वारा छात्राओं को जूडो एवं कराटे का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## व्यक्तित्व विकास संवर्धन व्याख्यान श्रृंखला



दिनांक 21.12.2018 को महाविद्यालय सभागार में ''व्यक्तित्व विकास संवर्धन व्याख्यान श्रृंखला'' के अन्तर्गत उर्दू विभाग द्वारा इस्लाम धर्म के संस्थापक ''पैगम्बर मौहम्मद साहब का जीवन दर्शन'' विषय पर एक व्याख्यान आयोजित कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ0 एस0एस0 यादव, एसो0 प्रोफेसर रसायन विज्ञान एवं डॉ0 विनीता सिंह, प्रभारी, अंग्रेजी विभाग द्वारा की गयी। कार्यक्रम संचालक डॉ0 सै0 अरशद रिज़वी, प्रभारी, उर्दू विभाग एवं अन्य वक्ताओं डॉ0 मुजाहिद अली, डॉ0 सै0 अब्दुल वाहिद शाह द्वारा विस्तार से मौहम्मद साहब के जीवन एवं उनके द्वारा मानवता के प्रति दिए गए संदेश पर प्रकाश डाला गया।

डॉ0 अरशद रिज़वी ने अपने वक्तव्य में बताया कि इस्लाम में हिंसा, आतंकवाद तथा साम्प्रदायिकता के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने बताया कि मौ0 साहब ने अपने समय पर युद्ध भी इंसानियत की सलामती के लिए ही लड़े थे इसीलिए उन्हें (मौ साहब) रहमतुललिलआलमीन अर्थात् पूरे विश्व के लिए शान्ति एवं सुरक्षा का दूत भी कहा जाता है। महाविद्यालय के छात्रों एवं महाविद्यालय परिवार की उपस्थिति कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही। कार्यक्रम की समाप्ति पर संचालक डॉ0 अरशद रिज़वी द्वारा मंच एवं सभागार में उपस्थित श्रोताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# युवा महोत्सव 'उमंग' का सफल आयोजन




दिनांक 11, 12 एवं 13 दिसम्बर 2018 को महाविद्यालय परिसर में तीन दिवसीय महोत्सव 'उमंग' का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ महाविद्यालय परिवार के मुखिया प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0पी0 यादव ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। महाविद्यालय के समारोहक डॉ0 सैयद अब्दुल वाहिद ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। सर्वप्रथम सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया और इसी के साथ प्रतियोगिताओं का आगाज हुआ। जिनमें प्रथम दो दिन चार्ट/पोस्टर, सामूहिक परिचर्चा, स्वरचित कविता पाठ, आशु–भाषण, प्रश्नोत्तरी, रंगोली/अल्पना, मेंहदी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

महोत्सव का तीसरा दिन समापन समारोह के रूप में आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि श्री महेन्द्र बहादुर सिंह, जिलाधिकारी, रामपुर के द्वारा समारोह का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन कर किया और कहा कि युवा पीढ़ी में इस उम्र में उमंग और जोश जरूरी है तभी जीवन में सफलता मिलती है। इस अवसर पर आयोजित फैंसी ड्रेस, एकल गायन एवं नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताओं को मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महोदय, विशिष्ट अतिथियों डॉ0 माधुरी रस्तोगी, डॉ0 कैलाश चन्द्र दिवाकर, फरहत अली खाँ, मामून शाह एवं छात्रों ने खूब सराहा। विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे नुक्कड़ नाटक में प्रथम स्थान बी0एड0 एवं वाणिज्य संकाय संयुक्त रूप से, द्वितीय स्थान विज्ञान संकाय तथा तृतीय स्थान कला संकाय को मिला। प्रतियोगिताओं के सभी विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा मैडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। अन्त में समन्वयक डॉ0 जागृति मदान ने धन्यवाद दिया और सभी का आभार व्यक्त किया।



# वार्षिक क्रीड़ा समारोह 2018–19



महाविद्यालय क्रीड़ांगन में 27–29 दिसम्बर 2018 को वार्षिक क्रीड़ा समारोह आयोजित किया गया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि शिवहरि मीणा, पुलिस अधीक्षक रामपुर, प्रोफ़ेसर अलबेले सिंह, पूर्व क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0 एवं महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव ने संयुक्त रूप से किया।



समापन मुख्य अतिथि श्री वज़ीर अहमद ख़ान अंतर्राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी, श्री ज़ुबैर मसूद पूर्व आई0आर0एस0 अधिकारी, डॉक्टर दशरथ सिंह, चिकित्सा अधिकारी, ज़िला अस्पताल, रामपुर तथा महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव ने संयुक्त रूप से किया इस समारोह में ज़ीशान अली एम0 ए0 द्वितीय तथा अंकिता एम0 ए0 प्रथम वर्ष को छात्र एवं छात्रा चैम्पीयन घोषित किया गया अंत में सचिव क्रीड़ा परिषद डॉ0 मुजाहिद अली ने सभी का आभार व्यक्त किया।





## 'आयुष्मान भारत सप्ताह' का आयोजन

राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दिनांक 15–21 नवम्बर 2018 को 'आयुष्मान भारत सप्ताह' का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0पी0 यादव जी द्वारा किया गया। शारीरिक शिक्षा विभाग प्रभारी डॉ0 मुजाहिद अली के कुशल नेतृत्व में बैडमिंटन, शतरंज, क्रिकेट, कैरम, आदि विभिन्न खेल–कूद प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गयीं। छात्रों के साथ–साथ महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं स्वयं प्राचार्य जी ने भी इन प्रतियोगिताओं में सहभागिता की।



'आयुष्मान भारत सप्ताह' के अन्तर्गत एक योग शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्रों ने योगासनों का अभ्यास किया एवं स्वस्थ भारत मिशन की कल्पना को साकार करने के लिए इस प्रयास को भविष्य में भी जारी रखने का संकल्प लिया।

# महाविद्यालय के सामाजिक सरोकार



## करुणा दिवस के अवसर पर चिकित्सा शिविर का आयोजन

राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में दिनांक 21.11.2018 को ईशदूत हजरत मौहम्मद साहब के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला चिकित्सालय, रामपुर के डॉ0 कामिल हुसैन ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं एवं 188 रोगियों का परीक्षण किया गया तथा निःशुल्क दवाईयाँ एवं फलों का भी वितरण किया गया। इस शिविर में डॉ0 मुजाहिद अली, डॉ0 सै0 अब्दुल वाहिद शाह, डॉ0 मौ0 नासिर एवं श्री तेजपाल जी भी उपस्थित रहे।



## स्वामी विवेकानंद जयन्ती के उपलक्ष्य में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

दिनांक 12.01.19 को महाविद्यालय सभागार में महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा स्वामी विवेकानंद जन्म दिवस के उपलक्ष्य में एक निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं नेत्रदान शिविर का सफल आयोजन कराया गया। जिसमें रामपुर जिला अस्पताल से डॉ0 आर0के0 सिंह एवं डॉ0 भूदेव सिंह द्वारा नेत्र रोगियों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित की गयीं। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में रामपुर के विख्यात समाजसेवी श्री सतीश भाटिया जी ने शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं को नेत्रदान करने के लिये प्रेरित किया। इस नेत्रदान कैम्प में 12 व्यक्तियों ने नेत्रदान करने का प्रण लिया एवं संकल्प पत्र भरे तथा महाविद्यालय कर्मचारी श्री बाबू ने देहदान करन का संकल्प लिया। उक्त कैम्प को आयोजित कराने में डॉ0 दशरथ सिंह, चिकित्साधिकारी, जिला अस्पताल, रामपुर का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0पी0 यादव, महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों तथा अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी।



अंत में कार्यक्रम के समन्वयक डॉ0 मुजाहिद अली ने सभी का आभार व्यक्त किया।



## महिला जागरुकता हेतु गोष्ठी का आयोजन

दिनाँक 17.12.2018 को महाविद्यालय प्राध्यापकों द्वारा घेर मियाँ खाँ पिछड़ी बस्ती महिलाओं को उनके आर्थिक, सामाजिक एवं कानूनी अधिकारों के बारे में जागरुक करने के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें प्राध्यापकों एवं छात्र/छात्राओं द्वारा बस्ती में लोगों के घर–घर जाकर उन्हें स्वास्थ्य एवं शिक्षा के महत्व को बताया तथा अपनी बेटियों को शिक्षित करने के लिए प्रेरित किया गया साथ ही शिशुओं के टीकाकरण हेतु भी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

## एन0सी0सी0

एन0सी0सी0 भारत वर्ष मं एकता और अनुशासन के लिये जानी जाती है। प्रत्येक वर्ष इसके माध्यम से 13 लाख से भी अधिक कैडेट्स को प्रशिक्षित किया जाता है। महाविद्यालय में एन0सी0सी0 की स्थापना वर्ष 1967 में हुई थी,तब से अद्यतन यह ईकाई अनुशासन एवं एकता के नित नये सोपानों पर अग्रसर है। महाविद्यालय में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों में भी एन0सी0सी0 कैडेट्स सदैव अपना सहयोग देने के लिये तत्पर रहते हैं



महाविद्यालय की एन0सी0सी0 ईकाई प्रभारी लेफ्टिनेंट डा0 प्रवेश कुमार के कुशल नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। दिनांक 25.11.2018 को 'एन0सी0सी दिवस' अत्यन्त हर्षोल्लास से मनाया गया। इसी क्रम में दिनांक 12.12.2018 महाविद्यालय ईकाई द्वारा गोद लिये गये ग्राम 'सैंजनी नानकार' में स्वच्छता अभियान जागरूकता रैली निकाली गई तथा नारी सशक्तिकरण विषय पर एक गोष्ठी आयोजित की गयी। उक्त गोष्ठी में इंस्ट्रक्टर श्री उत्तम सिंह, डॉ0 ललित कुमार, डॉ0 दीपा अग्रवाल एवं डॉ0 मोनिका खन्ना उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त शहर के विभिन्न क्षेत्रों में समय–समय पर रैलियाँ निकालकर लोगों को जागरूक किया गया।



## एन0एन0एस0 (राष्ट्रीय सेवा योजना)



### एकदिवसीय शिविर

सत्र 2018–19 का प्रथम एकदिवसीय शिविर दिनांक 01.12.18 को आयोजित किया गया जिसके अन्तर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। तत्पश्चात एक बौद्धिक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ0 के0के0 मिश्रा ने एड्स रोग के संक्रमण प्रभाव एवं उससे बचाव के उपाय को विस्तार से बताया। दिनांक 05.12.2018 को आयोजित द्वितीय शिविर के अन्तर्गत नारी सशक्तिकरण जागरूकता रैली निकाली गयी तथा एक बौद्धिक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अजय विक्रम सिंह ने महिला सशिक्तकरण हेतु संवैधानिक प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। दिनांक 12.12.2018 को आयोजित तृतीय एक दिवसीय शिविर में चारों ईकाईयों के स्वयं सेवकों एवं कार्यक्रम अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति नागरिकों को जागरूक किया।

### सात दिवसीय विशेष शिविर



सत्र 2018–19 का राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर दिनांक 19.12. 2018 से 25.12.2018 तक ग्राम पैगा (सदर) रामपुर में आयोजित किया गया जिसका शुभारम्भ प्राचार्य (डॉ0) आर0पी0 यादव जी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस शिविर के अन्तर्गत हस्ताक्षर अभियान, पर्यावरण संरक्षण, नारा लेखन, शिक्षा जागरूकता रैली इत्यादि का आयोजन किया गया। सभी दलों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अजय विक्रम सिंह, डॉ0 नरेन्द्र कुमार, डॉ0 राम कुमार एवं डॉ0 रेशमा परवीन ने अपनी–अपनी ईकाईयों के स्वयंसेवकों के साथ मिलकर विभिन्न अभियानों में पूर्ण मनोयोग से कार्य किया।

25.12.2018 को सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन मुख्य अतिथि डॉ0 सोमपाल सिंह, कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना की उपस्थिति में विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ।

अंत में N.S.S. कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा उपस्थित अतिथियों एवं जन समूह का आभार व्यक्त किया गया।







# विभागीय गतिविधियाँ : एक नज़र



**जन्तु विज्ञान विभाग–** महाविद्यालय के जन्तु विज्ञान विभाग द्वारा दिनाँक 28.11.2018 को एक ऑडियो/वीडियो क्विज प्रतियोगिता एवं 29.11.2018 को स्नातकोत्तर छात्रों के लिए सेमिनार तथा चार्ट/पोस्ट, आशुभाषण, आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समस्त विजयी प्रतिभागियों को दिनाँक 01.12.2018 को आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ0 आर0पी0 यादव जी के द्वारा पुरस्कार प्रदान किये गये। इसी क्रम में दिनाँक 26.12.2018 को विभाग ने NGO 'CARE' के साथ मिलकर Environmental Ethics & Pollution विषय पर छात्रों के लिए एक Symposium आयोजित कराया जिसे जिले की औद्योगिक इकाई रेडिको खेतान द्वारा प्रायोजित किया गया था।



**रसायन विज्ञान विभाग–** महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभागीय परिषद के संयोजक डॉ0 कामिल हुसैन के निर्देशन में विभिन्न प्रतियोगितायें यथा निबन्ध, मॉडल रचना, सेमिनार एवं आशु भाषण आदि का आयोजन किया गया। दिनाँक 29.11.2018 को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और विजेता छात्र/छात्राओं को प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0पी0 यादव जी द्वारा पुरस्कार वितरित किये गये।



**शिक्षक शिक्षा विभाग–** दिनाँक 29.11.2018 एवं 30.11.2018 को महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा वाद–विवाद, महापुरूषों के योगदान पर विचार गोष्ठी, चार्ट/पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0पी0 यादव जी द्वारा विजयी छात्र/छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर छात्र/छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया।

**उर्दू विभाग–** दिनाँक 17.11.2018 को महाविद्यालय के उर्दू विभाग द्वारा ग़ज़ल सराई प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। विभागाध्यक्ष डॉ0 सै0 अरशद रिज़वी एवं डॉ0 जहाँगीर अहमद के कुशल निर्देशन में छात्रों ने एक से बढ़कर एक ग़ज़ल पेश की। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 जहाँगीर अहमद द्वारा किया गया। प्रतियोगिता निर्णायक मण्डल डॉ0 एस0एस0 यादव, डॉ0 बेबी तबस्सुम एवं डॉ0 रेशमा परवीन की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की।





**अर्थशास्त्र विभाग–** महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा दिनाँक 18.12.2018 को एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन कराया गया जिसके मुख्य वक्ता डॉ0 अभय कुमार गुप्ता जी, सेवानिवृतत प्राचार्य, राज0 महाविद्यालय, जलेसर द्वारा अर्थशास्त्र विषय के छात्रों को संबोधित किया गया एवं देश के विकास में सरकारी नीतियों की भूमिका तथा बजट विषय पर छात्रों को विस्तार से जानकारी दी गयी। तत्पश्चात् डॉ0 एस0एस0 यादव, डॉ0 विनीता सिंह एवं डॉ0 अभय गुप्ता जी के द्वारा विभागीय परिषद के अन्तर्गत आयोजित करायी गयी निबन्ध एवं चार्ट/पोस्टर प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को पुरस्कार वितरित किये गये। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ0 राम किशोर सागर, डॉ0 ललित कुमार एवं डॉ0 मोनिका खन्ना का महत्वूर्ण योगदान रहा।

**मनोविज्ञान विभाग–** महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा दिनाँक 07.12.2018 को स्नातक व स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एक निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन कराया, जिसका विषय था ''आज के युवाओं में बढ़ता अवसाद : कारण और निवारण'' जिसका संचालन डॉ0 मीनाक्षी गुप्ता द्वारा किया गया। इसी क्रम में दिनाँक 14.01.2019 को विभागीय सेमिनार का आयोजन कराया गया जिसमें मनोविज्ञान के सभी छात्र/छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में डॉ0 ललित कुमार एवं डॉ0 कुसुम लता ने अपने बहुमूल्य विचारों से प्रतिभागियों को लाभान्वित किया।




कार्यक्रम के समापन पर विभाग प्रभारी डॉ0 अजीता रानी ने उपस्थित अतिथियों एवं छात्र/छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

## शैक्षिक भ्रमण (जन्तु विज्ञान विभाग)



दिनाँक 28.12.2018 को महाविद्यालय के जन्तु विज्ञान विभाग द्वारा बी. एस–सी0 तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर स्तर के छात्रों के लिए एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। भ्रमण हेतु छात्रों को विभाग के प्राध्यापको डॉ0 जागृति मदान धींगड़ा (विभागाध्यक्ष जन्तु विज्ञान) एवं अन्य प्राध्यापकों के निर्देशन में छात्रों को ग्राम धनौरा ले जाया गया जहाँ छात्रों को ग्रामीण लघु औद्योगिक ईकाईयों के अन्तर्गत की जाने वाली जैविक खेती यथा पीसीकल्चर, एपीकल्चर, सैरिकल्चर तथा मुर्गी पालन के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। इसके साथ ही छात्रों को ग्रामीण जीवन की समस्याओं एवं उनसे जूझते हुए स्वयं को स्वावलम्बी बनाने वाले ग्रामीण लोगों से मिलकर जीवन में मजबूती से समस्याओं का सामना करने की प्रेरणा मिली तथा छात्रों को उद्यमिता संबंधी कौशल को विकसित करने का प्रोत्साहन भी प्राप्त हुआ।

## शैक्षिक भ्रमण (भूगोल विभाग)



शैक्षिक भ्रमण की इस कड़ी में भूगोल विभाग द्वारा बी0ए0 तृतीय एवं स्नातकोत्तर स्तर के छात्रों का दिनाँक 28.12.2018 से 03.01.2019 शैक्षिक भ्रमण हेतु राजस्थान प्रांत के अजमेर, जयपुर, पुष्कर, हल्दीघाटी एवं उदयपुर ले जाया गया। विभागाध्यक्ष डॉ0 अजय विक्रम सिंह, के नेतृत्व में इस सात दिवसीय भौगोलिक पर्यटन यात्रा के अन्तर्गत छात्रों ने जयपुर में जंतर–मंतर, हवा महल, साँभर झील, सलीम चिश्ती की दरगाह, पुष्कर झील, हल्दीघाटी, उदयपुरमें विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। इस भौगोलिक पर्यटन के दौरान छात्र एवं छात्राओं ने ना सिर्फ विभिन्न स्थलों की भौगोलिक स्थिति की जानकारी प्राप्त की बल्कि वहाँ की संस्कृति एवं सामाजिक विभिन्नताओं को भी समझने का सुअवसर प्राप्त किया।




## व्यक्तिगत उपलब्धियाँ



दिनाँक 29.11.2018 को जिला अधिकारी, रामपुर श्री महेन्द्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति में डॉ0 एस0एस0 यादव, एसो0 प्रोफेसर, रसायन विज्ञान को 'कैरियर विशेषज्ञ' के रूप में नामित किया गया। महाविद्यालय उनकी उपलब्धि पर बधाई के साथ–साथ सफलता हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित करता है।



डा0 अजय विक्रम सिंह, असि0 प्रोफेसर, भूगोल द्वारा राज्य की सम्मानित प्रशासनिक सेवा (पी0सी0एस0) की मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण कर दिनाँक 21.12.2018 को लोक सेवा आयोग, इलाहाबाद में साक्षात्कार दिया गया। महाविद्यालय उनकी उपलब्धि पर बधाई के साथ–साथ सफलता हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित करता है।



महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग के असि0 प्रोफेसर डॉ0 दीपक शर्मा के द्वारा जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, दिल्ली से दिनाँक 3–22 दिसम्बर 2018 में रिफ्रेशर कोर्स किया गया।



महाविद्यालय के भूगोल विषय के छात्र राज सिंह, पुत्र श्री राम भरोसे के द्वारा यू0जी0सी0 की राष्ट्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (NET) 18 दिसम्बर 2018 में उत्तीर्ण की गई।

## भारत रत्न माननीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जयन्ती का आयोजन



महाविद्यालय में दिनांक 24.12.2018 एवं 25.12.2018 को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयन्ती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डा0 आर0पी0 यादव जी द्वारा श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। महाविद्यालय परिवार ने भी इस महान पूज्यात्मा को पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम संचालक डा0 सैयद अरशद रिज़वी एवं महाविद्यालय के विभिन्न वक्ताओं के द्वारा अटल जी जैसे बहुर्मुखी प्रतिभा के धनी, कुशल, व्यवहारिक, कवि, राजनीतिज्ञ के बारे में विचार प्रस्तुत किये गये एवं उन्हें एक ऐसे नेता और व्यक्ति के रूप में याद किया जो सभी के दिलों पर राज करते थे तथा विपक्षी दलों के लोग भी उनसे प्रेम करते थे।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 आर0पी0 यादव जी ने छात्र–छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि अटल जी का महान व्यक्तित्व हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। सरलता, सरसता और गम्भीरता की प्रतिमूर्ति अटल जी के जीवन से हमें प्रेरणा प्राप्त कर अपने जीवन को सफलता की दिशा में अग्रसर करना चाहिये। अटल जी जैसे व्यक्तियों का जीवन हम सभी के लिये अनुकरणीय है।

तत्पश्चात् महाविद्यालय के छात्रों के लिए एक वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की। अन्त में कार्यक्रम संचालक डा0 सै0 अरशद रिज़वी द्वारा सम्मानित मंच, उपस्थित छात्रों एवं जनसमूह को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों एवं छात्रों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफलता एवं सार्थकता प्रदान की।

## आन्तरिक गुणवत्ता मूल्यांकन समिति (IQAC) की बैठक

दिनांक 11.01.2019 को महाविद्यालय की आन्तरिक गुणवत्ता मूल्यांकन समिति (IQAC) की बैठक आयोजित की गयी जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डा0 आर0 पी0 यादव जी के द्वारा की गयी। बैठक में IQAC समिति के सभी सम्मानित सदस्यों के द्वारा विचार–विमर्श कर महाविद्यालय के लिए भविष्य का एजेंडा बनाया गया जिसके अन्तर्गत विभिन्न विषयों में स्नातकोत्तर, नवीन व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की शुरूआत तथा महाविद्यालय की शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों की गुणवत्ता विस्तार हेतु माह नवम्बर 2018 में नैक पीयर टीम के दौरे के पश्चात उनके द्वारा दिये गये सुझावों के अनुरूप रूपरेखा बनाकर कार्य करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

## आगामी कार्यक्रम

- दिनांक 14.01.2019 से 21.01.2019 तक कुम्भ पर्व 2019 के अवसर पर 'सांस्कृतिक विविधता सप्ताह' का आयोजन।
- दिनांक 16.01.2019 को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की 150वीं जयन्ती का आयोजन।
- दिनांक 19–20 जनवरी, 2019 में राष्ट्रीय सेमिनार एवं उत्तर प्रदेश राजकीय महाविद्यालय अकादमिक सोसायटी का 21वाँ अधिवेशन।
- दिनांक 22 से 24 जनवरी, 2019 में रोवर्स–रेंजर्स शिविर का आयोजन।
- दिनांक 28.01.2019 को युवा संसद महोत्सव का आयोजन।
- SMART INDIAN HACKATHON-2019 का आयोजन।
- माह फरवरी 2019 में वार्षिक अलंकरण समारोह का आयोजन।

## छपते-छपते...

### दिव्य कुम्भ–भव्य कुम्भ–2019 का आगाज़...

उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कुम्भ पर्व के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक विविधता सप्ताह (14–20 जनवरी, 2019) का आयोजन महाविद्यालय में उत्साह के साथ प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रस्तावित है। इसी क्रम में दिनाँक 14.01.2019 को वाणिज्य संकाय द्वारा डॉ0 जुबैर अनीस एवं डा0 एम0पी0एस0 यादव के कुशल संचालन में 'भारतीय सांस्कृतिक, धर्म एवं परम्परा दर्शन/सन्त परम्परा' विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र–छात्राओं की उत्साहपूर्ण प्रतिभागिता विशेष सराहनीय है।



**संरक्षक**
**प्रो0 (डॉ0) आर0पी0 यादव**
**प्राचार्य**

**सम्पादक मण्डल**
**डॉ0 दीपा अग्रवाल** | **डॉ0 सै0 अब्दुल वाहिद शाह**
**डॉ0 मीनाक्षी गुप्ता** | **डॉ0 ज़ेबी नाज़**